# University in News on 08 March 2021

University of Lucknow | Centenary Year
लखनऊ विश्वविद्यालय | शताब्दी वर्ष
100 Years 1920-2020

**JAGRAN CITY PAGE III**

## पीएचडी में 439 रेगुलर, पार्ट टाइम की 76 सीटों पर होंगे प्रवेश

### लखनऊ विश्वविद्यालय ने जारी किया गया विभागवार ब्योरा

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने सत्र 2020-21 में पीएचडी में प्रवेश के लिए रविवार को विषयवार सीटों का ब्योरा जारी कर दिया। विवि एवं कालेजों को मिलाकर 439 रेगुलर सीटों पर प्रवेश होंगे। वहीं, पहली बार शुरू हो रही पार्ट टाइम पीएचडी के लिए भी 76 सीटें तय की गई हैं। पार्ट टाइम पीएचडी सिर्फ विश्वविद्यालय में होगी।

विश्वविद्यालय के प्रवक्ता डा. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि पीएचडी की रेगुलर सीटों में 329 विश्वविद्यालय और 110 सीटें कालेजों की हैं। प्रवेश के लिए आवेदन की प्रक्रिया नौ मार्च को शुरू होनी है। इसके विस्तृत निर्देश सोमवार को जारी किए जाएंगे। प्रवेश पीएचडी आर्डिनेंस-2020 की गाइडलाइन के अनुसार होंगे।

विश्वविद्यालय ने सीटों का जो ब्योरा जारी किया है, उनमें रक्षा अध्ययन, भूगोल, गृह विज्ञान, महिला अध्ययन, व्यापारिक कला और ललित कला में एक भी पीएचडी की सीट नहीं है। वहीं, पत्रकारिता एवं जनसंचार और पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान में सिर्फ पार्ट टाइम पीएचडी के लिए सीटें तय की गई हैं।

**नए सत्र से पीएचडी छात्रों को भी मिलेगा हास्टल:** लविवि पीएचडी शोध छात्रों को भी हास्टल की सुविधा देगा। इसके लिए बीरबल साहनी हास्टल की मरम्मत कराई जा रही है।

विवि में 17 हास्टल हैं। इनमें से आठ हास्टलों की मरम्मत चल रही है। सुभाष हास्टल, बीरबल साहनी हास्टल, गोल्डन जुबिली और कैलाश हास्टल में राज्य सरकार ने करीब 12 करोड़ रुपये निर्माण के लिए दिए थे। वहीं, आचार्य नरेंद्र देव हास्टल, एलबीएस हास्टल, हबीबुल्लाह और महमूदाबाद हास्टल को विश्वविद्यालय प्रशासन अपने स्तर से सुविधाओं से लैस कर रहा है।

लविवि में पीएचडी छात्रों के लिए बीरबल साहनी हास्टल और छात्राओं के लिए गोल्डन जुबिली छात्रावास बना है। तत्कालीन कुलपति प्रो. एसपी सिंह के समय में पीएचडी छात्रों को यह कहकर हास्टल आवंटन देने पर रोक लगा दी गई थी कि कमरों की हालत अच्छी नहीं है। तब से हास्टल में ताला बंद था। वर्ष 2020 में नए कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने सभी हास्टलों का निरीक्षण कर उन्हें दुरुस्त कराने के निर्देश दिए थे। हास्टलों में 2200 छात्रों के रहने की क्षमता है, लेकिन निर्माण की वजह से इस बार एक हजार को आवंटन नहीं किया गया। डीएसडब्ल्यू (अधिष्ठाता छात्र कल्याण) प्रो. पूनम टंडन का कहना है कि जैसे ही हास्टल का निर्माण पूरा हो जाएगा, आवंटन भी शुरू कर देंगे।

प्रवक्ता डा. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि हास्टलों की मरम्मत तेजी से हो रही है। एक महीने में इसे पूरा कराने के लिए कहा गया है। इनमें वाशिंग मशीन, वाटर कूलर सहित सभी सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

**विषयवार सीटें**

| विषय | रेगुलर सीट विवि | रेगुलर सीट कालेज | कुल रेगुलर सीट | पार्ट टाइम सीट विवि |
|---|---|---|---|---|
| एआइएच | 3 | 0 | 3 | 5 |
| अरबी | 21 | 0 | 21 | 1 |
| अर्थशास्त्र | 15 | 8 | 3 | 2 |
| अंग्रेजी | 14 | 12 | 26 | 8 |
| फ्रेंच | 4 | 0 | 4 | 1 |
| हिन्दी | 3 | 15 | 18 | 0 |
| मध्य कालीन एवं आधुनिक भारतीय इतिहास | 16 | 0 | 16 | 0 |
| ज्योतिर्विज्ञान | 1 | 0 | 1 | 0 |
| पुस्तकालय व सूचना विज्ञान | 0 | 0 | 0 | 1 |
| पत्रकारिता वजन संवार | 0 | 0 | 0 | 1 |
| भाषा विज्ञान | 4 | 0 | 4 | 2 |
| प्राच्य संस्कृत | 4 | 0 | 4 | 0 |
| फारसी | 6 | 0 | 6 | 0 |
| दर्शनशास्त्र | 6 | 0 | 6 | 2 |
| राजनीति शास्त्र | 6 | 0 | 6 | 5 |
| मनोविज्ञान | 6 | 0 | 6 | 0 |
| लोक प्रशासन | 5 | 0 | 5 | 0 |
| संस्कृत एवं प्राकृत भाषा | 14 | 0 | 14 | 1 |
| समाज कार्य | 6 | 0 | 6 | 2 |
| समाजशास्त्र | 16 | 26 | 42 | 4 |
| उर्दू | 2 | 0 | 2 | 0 |
| पाश्चात्य इतिहास | 3 | 0 | 3 | 0 |
| व्यावहारिक अर्थशास्त्र | 18 | 0 | 18 | 4 |
| वाणिज्य | 10 | 12 | 22 | 4 |
| शिक्षा शास्त्र | 11 | 0 | 11 | 8 |
| विधि | 15 | 0 | 15 | 9 |
| जैव रसायन | 2 | 0 | 2 | 1 |
| वनस्पति विज्ञान | 12 | 0 | 12 | 6 |
| रसायन विज्ञान | 11 | 20 | 31 | 1 |
| कम्प्यूटर विज्ञान | 6 | 0 | 6 | 0 |
| भू-गर्भ विज्ञान | 8 | 0 | 8 | 3 |
| गणित | 13 | 0 | 13 | 0 |
| भौतिक विज्ञान | 50 | 0 | 50 | 2 |
| सांख्यिकी | 6 | 0 | 6 | 2 |
| प्राणि विज्ञान | 12 | 17 | 29 | 0 |
| कुल सीटें | 329 | 110 | 439 | 76 |

**AMAR UJALA MY CITY PAGE 4**

## पीएचडी : 439 सीटों पर होगा प्रवेश

### लविवि में पहली बार शुरू हुई पार्ट टाइम पीएचडी में होंगी 76 सीटें, कल से प्रवेश प्रक्रिया

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय व सहयुक्त कॉलेजों में सत्र 2020-21 में पीएचडी में 439 सीटों पर प्रवेश होगा। इसमें लविवि में 329 व कॉलेजों में 110 सीटें हैं। सर्वाधिक 50 सीटें भौतिक विज्ञान विभाग में है, जबकि कई विभागों में सीटें शून्य भी हुई हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन ने रविवार को विभागवार सीटों का विस्तृत ब्योरा जारी कर दिया है। प्रवेश के लिए आवेदन प्रक्रिया नौ मार्च से शुरू हो रही है। इसके साथ ही विवि प्रशासन इस बार से नौकरी पेशा लोगों के लिए पार्ट टाइम पीएचडी में भी प्रवेश प्रक्रिया शुरू करेगा, जिसमें 76 सीटें निर्धारित की गई हैं।

**अमर उजाला ने उठाया मुद्दा तो लविवि ने स्पष्ट की सीटों की स्थिति**

अमर उजाला इंपैक्ट

बता दें कि विश्वविद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया तो नौ मार्च से प्रस्तावित की थी, लेकिन विभागों की लापरवाही से सीटों की स्थिति स्पष्ट नहीं हो रही थी। इस पर अमर उजाला ने शनिवार के अंक में 'तीन दिन बाद शुरू होगी प्रवेश प्रक्रिया, पर सीटों का पता नहीं' शीर्षक से खबर प्रकाशित की। इसका विश्वविद्यालय प्रशासन ने संज्ञान लिया और प्रवेश से पहले पीएचडी सीटों का विस्तृत ब्योरा रविार को जारी कर दिया। विश्वविद्यालय के प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि पीएचडी सीटों का विस्तृत ब्योरा विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जल्द अपलोड कर दिया जाएगा।

**तीन दिन बाद शुरू होगी प्रवेश प्रक्रिया, पर सीटों का पता नहीं**



अमर उजाला में प्रकाशित खबर।

### इन विभागों में सीटें हुईं शून्य

विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से जारी विस्तृत जानकारी के अनुसार उक्त के अलावा मानव विज्ञान, रक्षा अध्ययन, भूगोल, गृह विज्ञान, पत्रकारिता एवं जनसंचार, पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान, शारीरिक शिक्षा, महिला अध्ययन, व्यापार प्रशासन, व्यापारिक कला, ललित कला में सीटें शून्य भी हैं।

### पार्ट टाइम पीएचडी का ब्योरा

विश्वविद्यालय द्वारा पहली बार कराई जा रही पार्ट टाइम पीएचडी में अपेक्षाकृत काफी सीटें निर्धारित की गई हैं। इसके अनुसार प्राचीन भारतीय इतिहास में 03, अरबी में 01, अर्थशास्त्र में 02, अंग्रेजी में 08, फ्रेंच में 01, पत्रकारिता एवं जनसंचार 01, पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान 01, भाषा विज्ञान 02, दर्शनशास्त्र 02, राजनीति शास्त्र 05, संस्कृत एवं प्राकृत भाषा 01, समाज कार्य 02, समाज शास्त्र 04, व्यावहारिक अर्थशास्त्र 04, व्यापार प्रशासन 03, वाणिज्य 04, शिक्षा शास्त्र 08, विधि 09, जैव रसायन 01, वनस्पति विज्ञान 06, रसायन विज्ञान 01, भूगर्भ विज्ञान 03, भौतिक विज्ञान 02, सांख्यिकी 02 कुल 76 सीटें निर्धारित की गई हैं। हालांकि इनको प्रवेश परीक्षा नहीं देनी है। इनका प्रवेश मेरिट, शार्ट लेखन व इंटरव्यू पर आधारित होगा।

### पीएचडी में विषयवार सीटों की स्थिति

| विषय | लविवि | कॉलेज | विषय | लविवि | कॉलेज | विषय | लविवि | कॉलेज |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प्राचीन भारतीय इतिहास | 03 | 00 | प्राच्य संस्कृत | 04 | 00 | वाणिज्य | 10 | 12 |
| अरबी | 21 | 00 | फारसी | 06 | 00 | शिक्षा शास्त्र | 11 | 00 |
| अर्थशास्त्र | 15 | 08 | दर्शनशास्त्र | 06 | 00 | विधि | 15 | 00 |
| अंग्रेजी | 14 | 12 | राजनीति शास्त्र | 06 | 00 | जैव रसायन | 02 | 00 |
| फ्रेंच | 04 | 00 | मनोविज्ञान | 06 | 00 | वनस्पति विज्ञान | 12 | 00 |
| हिंदी | 03 | 15 | लोक प्रशासन | 05 | 00 | रसायन विज्ञान | 11 | 20 |
| मध्यकालीन व आधुनिक भारतीय इतिहास | 16 | 00 | संस्कृत एवं प्राकृत भाषा | 14 | 00 | कंप्यूटर विज्ञान | 06 | 00 |
| ज्योतिर्विज्ञान | 01 | 00 | समाज कार्य | 06 | 00 | भूगर्भ विज्ञान | 08 | 00 |
| भाषा विज्ञान | 04 | 00 | समाजशास्त्र | 16 | 26 | गणित | 13 | 00 |
| | | | उर्दू | 02 | 00 | भौतिक विज्ञान | 50 | 00 |
| | | | पाश्चात्य इतिहास | 03 | 00 | सांख्यिकी | 06 | 00 |
| | | | व्यावहारिक अर्थशास्त्र | 18 | 00 | प्राणि विज्ञान | 12 | 17 |

**AMRIT VICHAR PAGE 3**

## स्नातक प्रवेश परीक्षा में आधी क्षमता में बैठाए जाएंगे अभ्यर्थी

अमृत विचार लखनऊ

लखनऊ विश्वविद्यालय में स्नातक प्रवेश परीक्षा इस बार ऑफलाइन आयोजित की जाएगी। इसके लिए कोरोना संक्रमण को देखते हुए परीक्षा कक्ष में आधे क्षमता में अभ्यर्थी बैठाए जाएंगे। हालांकि गत वर्ष भी ऑफलाइन ही प्रवेश प्रक्रिया होनी थी लेकिन कोरोना संक्रमण के तेजी से फैलाने और लॉकडाउन घोषित होने से आनलाइन माध्यम से किया गया था। फिलहाल इस वर्ष विश्वविद्यालय प्रशासन में स्नातक प्रवेश प्रक्रिया को लेकर स्थिति स्पष्ट कर दी गयी है। विश्वविद्यालय में अभी स्नातक प्रवेश प्रक्रिया नौ मार्च से शुरू हो रही है।

प्रवेश प्रक्रिया को लेकर विश्वविद्यालय के डीन एडमिशन प्रो. वीके शर्मा ने बताया कि विश्वविद्यालय में दाखिला के लिए आवेदन आने के बाद पता चलेगा कि कितने अभ्यर्थी आवेदन करेंगे। यदि पिछले वर्ष की बात की जाए तो विश्वविद्यालय में रिकार्ड आवेदन स्नातक और परास्नातक दोनों में ही आए थे। चूंकि आवेदन करने के समय कोरोना काल चल रहा था और अभिभावक अपने बच्चों को बाहर निकालना नहीं चाहता है। साथ ही न उनका साल ही बर्बाद होने देना चाहते थे। ऐसी स्थिति में अभिभावकों ने भी लखनऊ विश्वविद्यालय को ही वरियता दी। इसके कारण विश्वविद्यालय में रिकार्ड आवेदन आए है। उन्होंने उम्मीद जताई है कि इस बार भी प्रवेश के मामले में लखनऊ विश्वविद्यालय में रिकार्ड आवेदन आएंगे।

**TOI PAGE 2**

## Forms for part-time PhD at LU out tomorrow

Times News Network

Lucknow: The PhD dream of working professionals can soon be fulfilled as Lucknow University has declared the number of seats, eligibility criteria and admission steps to enrol in its part-time PhD course.

There will be 76 seats in 2021-22 apart from the 439 seats in full-time PhD.

The application forms for both courses will be available on LU website from March 9.

For part-time PhD, candidates who have five years of continuous service experience at a senior level in a recognized educational institution, government body, armed forces, PSU, corporation or private sector can apply.

Selection will be based on a test in which a candidate has to write a 1,000-word essay. While 70% weightage will be given to the write-up, 30% will be for work experience, academic index, and performance in interview and viva-voce.

While the maximum, nine seats, are in law, English and education departments have eight each and botany and political science have six and five seats respectively.

"Candidates will be enrolled under supervision of the professor and associate professor only. Enrolment of only one part-time research scholar will be allowed under a faculty in an academic year," said LU spokesperson Durgesh Srivastava.

He said the part-time PhD programme shall be for a minimum of four years and a maximum of eight years.

**VOICE OF LUCKNOW PAGE 3**

## परीक्षा कक्ष में बैठेंगे बस 50 फीसद परीक्षार्थी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**● कोरोना को देखते हुए लविवि का निर्णय**

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में स्नातक प्रवेश परीक्षा इस बार ऑफलाइन आयोजित की जाएगी। इसके लिए कोरोना संक्रमण को देखते हुए परीक्षा कक्ष में आधे क्षमता में अभ्यर्थी बैठाए जाएंगे। हालांकि गत वर्ष भी ऑफलाइन ही प्रवेश प्रक्रिया होनी थी लेकिन कोरोना संक्रमण के तेजी से फैलाने और लॉकडाउन घोषित होने से आनलाइन माध्यम से किया गया था। फिलहाल इस वर्ष विश्वविद्यालय प्रशासन में स्नातक प्रवेश प्रक्रिया को लेकर स्थिति स्पष्ट कर दी गयी है। विश्वविद्यालय में अभी स्नातक प्रवेश प्रक्रिया नौ मार्च से शुरू हो रही है। प्रवेश प्रक्रिया को लेकर विश्वविद्यालय के डीन एडमिशन प्रोफ वीके शर्मा ने बताया कि विश्वविद्यालय में दाखिला के लिए आवेदन आने के बाद पता चलेगा कि कितने अभ्यर्थी आवेदन करेंगे। यदि पिछले वर्ष की बात की जाए तो विश्वविद्यालय में रिकार्ड आवेदन स्नातक और परास्नातक दोनों में ही आए थे। चूंकि आवेदन करने के समय कोरोना काल चल रहा था और अभिभावक अपने बच्चों को बाहर निकालना नहीं चाहता है। साथ ही न उनका साल ही बर्बाद होने देना चाहते थे। ऐसी स्थिति में अभिभावकों ने भी लखनऊ विश्वविद्यालय को ही वरियता दी। इसके कारण विश्वविद्यालय में रिकार्ड आवेदन आए है।

## लविवि ने विभागवार पीएचडी सीटें की घोषित

**● रेगुलर की 439 व पार्ट टाइम पीएचडी 76 सीटें हुई निर्धारित**

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालव ने सत्र 2020.21 के पीएचडी दाखिले के लिए रविवार को विभागवार सीटों का ब्योरा जारी कर दिया है। विश्वविद्यालय और कालेजों को मिलाकर 439 रेगुलर सीटों पर दाखिले होंगे। इस बार से शुरू हो रही पार्ट टाइम पीएचडी दाखिले के लिए भी 76 सीटें तय की गई हैं। पार्ट टाइम पीएचडी प्रवेश सिर्फ विश्वविद्यालय में ही होंगे। विश्वविद्यालय के प्रवक्ता डा. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि दाखिले के लिए आवेदन की प्रक्रिया 9 मार्च से शुरू होगी। इसके विस्तृत निर्देश सोमवार को जारी किए जाएंगे। गौरतलब है कि रेगुलर सीटों में 329 विश्वविद्यालय और 110 कालेजों की सीटें हैं। इसकी जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है।